**Dabang Dunia (Indore), 19th October 2020, DD2, Page-2**

# आईआईटी का ऑनलाइन दीक्षांत समारोह आज

**इंदौर।** इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी इंदौर (आईआईटी-आई) का आठवां दीक्षांत समारोह सोमवार को होगा। ऑनलाइन होने वाले इस समारोह में 412 विद्यार्थियों को डिग्री बांटी जाएगी। इसमें बीटेक के 233, एमएससी के 58, एमटेक के 57, एमएस रिसर्च के 6 और 58 पीएचडी स्कॉलर्स है। सर्वश्रेष्ठ विद्यार्थी को राष्ट्रपति की ओर से गोल्ड मेडल और पांच विद्यार्थियों को आईआईटी इंदौर की तरफ से सिल्वर मेडल दिए जाएंगे। इसमें बीटेक की सिविल और मेटलर्जी इंजीनियरिंग ब्रांच के क्रमशः 34 और 31 छात्र, मैकेनिकल सिस्टम डिजाइन और मेटलर्जी इंजीनियरिंग में स्पेशलाइजेशन के साथ एमटेक करने वाले 10-10 छात्र और एमएससी एस्ट्रोनॉमी के 7 छात्र शामिल हैं। मेडल हासिल करने वाले छात्र, संस्थान परिसर में होने वाले कार्यक्रम में सम्मानित होंगे। मुख्य अतिथि केंद्रीय शिक्षा मंत्री रमेश पोखरियाल निशंक होंगे। विशेष अतिथि राज्य शिक्षा मंत्री संजय धोत्रे मौजूद रहेंगे। बोर्ड चेयरमैन डॉ. दीपक बी फाटक अध्यक्षता करेंगे तथा सीनेट चेयरमैन प्रोफेसर नीलेश कुमार जैन छात्रों को डिग्री प्रदान करेंगे।